Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-01-2022 | अंक 104

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### विषपान से वृद्ध गंभीर,रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर निवासी जोगेश्वर माहतो ने स०ल्फस की गोली खा ली। परिजनों को जानकारी मिलने पर उन्हें तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्रा. थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।



### आज का प्ंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---05.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---तृतीया तिथि
दिनः---बुधवार
नक्षत्रः---श्रवण नक्षत्र दिन 12:23 मिनट तक उपरांत धनिष्ठा नक्षत्र
योगः---वज्र
करणः---तै
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मकर राशि में
आज का राहूकाल दिनः---12:00 बजे से दिनः---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज गणेश भगवान को दूर्वा अर्पित करने से विद्यार्थियों को लाभ मिलता है।
(नोटः---दिनांक 05-01-2022 के रात्रि 11:59 से 10-01-2022 के दिन 12:32 तक पंचक रहेगा।)



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# नही लगेगा सूर्यकुंड मेला, मेला आयोजन पर कोविड का लगा ग्रहण

## लगातार तीसरे साल मेले के आयोजन नहीं होने से लोगों में मायूसी






**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा : ऐतिहासिक और धार्मिक आस्था का केंद्र बना एशिया का सबसे गर्म जलकुंड सूर्यकुंड में नही लगेगा ज्ञात हो मकर संक्रांति के अवसर पर इस वर्ष भी आयोजित होने वाले 15 दिवसीय प्रसिद्ध विशाल मेले के आयोजन पर इस वर्ष भी कोरोना प्रतिबंध के कारण ग्रहण लग गया। इस संदर्भ में अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी के मुताबिक वरीय अधिक. ारियों के निर्देशानुसार राज्य में ओ. मिक्रोन के बढते केस के कारण इस वर्ष भी मेला आयोजन कि अनुमति नहीं दी गई है। मालूम



हो कि कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्ष से मेला पर प्रशास. निक प्रतिबंध है। मेला आयोजन पर प्रतिबंध लगने से स्थानीय लोगों में मायूसी है। लोंगो के मुताबिक मेले के आयोजन से लोंगो को कुछ रोजगार मिलता था। लेकिन दो वर्षो से मेला आयोजित नहीं होने से लोंगो को आर्थिक क्षति हुई है। लोगों के मुताबिक मेले में दुकान, होट्ल, खेल तमाशे से लेकर विभिन्न तरह के व्यवसाय करने वालों का रोजगार मिलता था। व्यवसायी वर्ग के लोग दो वर्ष से आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। और अब तीसरे साल मेले का आयोजन नहीं होने से लोगों को और अधिक आर्थिक मुसीबतों का सामना करना पड सकता है।

# राज्य सरकार के निर्देश का पालन करे : सीओ


**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

झारखंड सरकार द्वारा कोविड 19 के मद्देनजर प्रति बंद/छुट के संदर्भ झारखंड राज्य आपदा प्रबंधन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जो 15 जनवरी 2022 तक लागू किये जाने का निर्देश जारी किया गया है। उक्त संदर्भ में बरही प्रखंड अंतर्गत सभी 20 पंचायतो में निम्न बिन्दुओ पर कोविड 19 तीसरी लहर के संक्रमण से बचाव हेतु, सभी पार्क, स्विमिंग पुल, जिम, चिड़ियाघर, पर्यटक स्थल, खेल स्टेडियम 15 जनवरी 2022 तक पूर्णतः बंद रहेंगे। स्कूल, क०लेज, शिक्षण संस्थान,15 जनवरी 2022 तक बंद रहेंगे। परंतु इन संस्थानों में 50 प्रतिशत के क्षमता के साथ कार्य होंगे। आगामी 15 जनवरी 2022 तक


बरही सीओ

सिनेमाघर, रेस्टोरेंट, बार एवं शॉपिंगमॉल 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खुलेंगे, रेस्टोरेंट, बार एवं दवा दुकानें अपनी पहले की तरह खुली रहेंगी बाकी सभी दुकान रात्रि 8 बजे तक ही खुली रहेंगी। आ. उटडोर आयोजन में अधिकतम 100 लोग शामिल हो सकेंगे, इंडोर आयोजन में कुल क्षमता का 50 प्रतिशत या 100 दोनों में से जो कम हो क्षमता के साथ आयोजन हो सकेंगे। सरकारी एव निजी संस्थानों के कार्यलय 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खुले रहेंगे, बायोमैट्रिक हाजरी पर प्रति. बंध रहेगा उपरोक्त सभी बिंदुओं पर मास्क, सेनिटाइजर, सामाजिक दूरी का उपयोग जरूरी माना गया है। अतः सभी प्रधान कार्यकाली समिति सभी पंचायत सचिव, सभी जनसेवक, सभी ग्राम रोजगार सेवक प्रखंड बरही को निर्देश दिया जाता है कि प्रखंड बरही अंतर्गत कुल 20 पंचायत के ग्रामीणों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए सतर्कता बरतने हेतु प्रेरित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगा।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 04-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## अंतिम संस्कार में शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो क्यूम

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के विजैया निवासी टेकलाल राणा पिता तिपन राणा का बीते दिन निधन हो गया। इस बात की सूचना मिलते ही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने मृतक के परिवार से मिलकर उनका ढाँढस बंधाया। मौके पर विजैया पंचायत मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य देवलाल कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, चंद्रिका प्रसाद, नान्हू यादव, नंदलाल राणा, त्रिलोकी प्रसाद, केदार राणा एवं अशोक यादव मौजूद थे।



अंतीम संस्कार मे शामिल जिप पंतिनिधि मो0 क्युम

## आपदा को अवसर की नजर से देखती है राज्य सरकार : सोनू वर्मा

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धिरज कुमार**

झुमरीतिलैया/ कोडरमा : कोरोना काल से ही भयावह व आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं निजी स्कूल व कोचिंग संस्थानो के साथ बर्बरता पूर्वक अन्याय कर रही है राज्य सरकार। उक्त बातें झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के युवा समाजसेवी सोनू वर्मा ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि एक और सरकार जहां अपनी सरकार की वि. फलताओं को छिपाने के लिए आपके अधिकार -आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत सोना-सोबरन-धोती-साड़ी जैसी लोकलुभावन योजना चलाकर जिस प्रकार सरकार प्रखंडो व जिला मुख्यालयो पर भीड़ जुटाई जिसका परिणाम स्वरूप राज्य के कुछ जिलों में कोरोना संक्रमित मरीजो की संख्या में इजाफा हुआ इसके लिए पूर्ण रूप से राज्य सरकार की यह योजना मुख्य रूप से जिम्मेदार है। राज्य सरकार लोकड०उन लगाकर निजी क्षेत्र में कार्यरत निजी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक व कर्मचारियों के साथ-साथ गरीब, मजदूर और किसानों के साथ मानसिक प्रताड़ना का कार्य कर रही है। साथ ही उन्हें बिजली , पानी, राशन व मेडिकल जैसी सु. विधाओं से आर्थिक तंगी के कारण वंचित होना पड़ रहा है। वहीं सरकार में बैठे मंत्री आपदा की इस घड़ी में राज्य के खजाने को अपने कार्यालय को सुसज्जित करने के नाम पर फिजूलखर्ची जैसी अवसर की तलाश में संक. ल्पित है। राज्य सरकार द्वारा यह दोहरापूर्ण रवैया नहीं चलने वाली है। ऐसे में क्षेत्र व राज्य के युवाओं से अपील करते हुए सोनू वर्मा ने कहा कि राज्य के युवाओं को रा. जनीतिक क्षेत्र में ना सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी बल्कि अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करते हुए आपको आने वाले समय में झारखंड की बेहतरी के लिए विकल्प तैयार करने होंगे।


सोनु वर्मा

## समाजसेवियों ने सीडीपीओ से आंगनबाड़ी केंद्रो मे सिलेंडर गैस उपलब्ध कराने की मांग की

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड कार्यालय मे जिला परिषद् सदस्य प्रति. निधि गणेश यादव, जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, मुखिया प्रतिनिधि विशूनधरी महतो, मुखिया प्रतिनिधि पप्पू असलम के नेतृत्व में बरही सीडीपीओ के पास गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर पहुंचे। सीडीपीओ के प्रखंड मे नहीं रहने के कारण फोन पर बात भी किया गया। मौके पर मो कयूम ने बताया कि सुदरवर्ती पंचायत के आंग. नबाड़ी केंद्रो में अभी तक सिलेंडर गैस नहीं दिया गया। जबकि बरही के सभी पंचायत मे मिल चुका है। उन्होंने कहा कि बाकी डपोक, विजैया, भंडारों, कोलहुवाकला बरसोत, रानी. चुआ, धनवार, करियातपुर पंचायतो के कुल 45 केंद्रो मे उपलब्ध नहीं हो पाया है। इन सभी पंचायतो में अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस संबंध में सीडीपीओ से बात करने पर सीडीपीओ द्वारा संतोष जनक ज़बाब भी नहीं देने की बात कही गई। उपस्थित लोगो ने मांग किया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीडीपीओ इस मामला को संज्ञान मे लेते हुए जल्द आंगनबाड़ी केंद्रो मे सिलेंडर गैस उपलब्ध कराएं। मौके पर जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, भाजपा नेता बंधन यादव, बरसोत मुखिया प्रतिनिधि विशुनधारी महतो, जमीरउद्दीन मो असलम, अशोक दास, अशोक पंडित, मो सलामत रमजान अंसारी, वीरेंद्र प्रसाद, अर्जुन रविदास आदि उपस्थित रहे।




## केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा के हाथों सम्मानित हुए बरही के संजय मेहता

### जयपाल सिंह मुंडा उत्कृष्ट पत्रकार सम्मान से किया गया सम्मानित

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही के पत्रकार एवं युवा समाजसेवी संजय मेहता को राँची में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्मारक समिति ने सम्मानित किया। सोमवार को रांची मे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्मारक समिति के द्वारा झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता, जाने माने राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद् और 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले हॉकी के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा जी की 119वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा एवं उपस्थित लोगों ने पत्रका. रिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में संजय मेहता के द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की। अर्जुन मुंडा ने अपने हाथों से संजय मेहता को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर जयपाल सिंह मुंडा उत्कृष्ट पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया। आपको बता दें की संजय मेहता ने जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में पीजी की शिक्षा हासिल करने के बाद एलएलबी की शिक्षा हासिल की है और साल 2009 से ये पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। बीते नवंबर माह में संजय मेहता को मुंबई में पद्म श्री मधु मंसूरी एवं पद्म श्री छूटनी देवी के हाथों युथ आइकॉन ऑफ झारखंड सम्मान से सम्मानित किया गया था। सम्मान मिलने के बाद संजय मेहता को लगातार बधाई संदेश प्राप्त हो रहें हैं।


पत्रकारीता सम्मान से सम्मानित होते संजय मेहता

## झारखंड प्रजापत्ति कुम्हार महासंघ बरही ने ज्वाहर घाट में लिया वमभोज का आनंद

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

झारखंड प्रजापत्ति कुम्हार महासंघ के द्वारा ज्वाहर घाट में मंगलवार को वनभोज का आयोजन किया गया। साथ ही संतोष प्रजा. पत्ति के अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें झारखंड प्रजापत्ति कुम्हार महासंघ के विकास पर चर्चा किया गया। बैठक में बाद सभी ने वमभोज का आनंद लिया। मौके पर अरुण प्रजापत्ति, देवधारी प्रजापत्ति, अर्जुन पंडित, तोखन प्रजा. पत्ति, भोला प्रजापत्ति, ज्ञानदेव पंडित, राजू पंडित, योगेंद्र प्रजापत्ति, मोहन प्रजापत्ति, आशा पंडित, मंजू देवी, बासमती देवी, बेबी देवी, रूबी देवी, कोशिला देवी, सुमन कुमारी, सपना कुमारी, डोली कुमारी एवं दुलारी कुमारी मौजूद थे।








डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार  सहयोगीः सोनू पंडित,  एडिटिंग- धनंजय कुमार  मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मानगढ़ में सांसद आदर्श ग्राम का बैठक आयोजित किया गया

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**



बैठक मे मौजुद लोग

चौपारण प्रखंड अंतर्गत मानगढ़ पंचायत में सांसद आदर्श ग्राम का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के विकास के लिए योजनाओ को लिखा गया। यह बैठक मानगढ़ पंचायत के मुखिया आरती देवी के अध्यक्षता मे किया गया। इस बैठक मे मानगढ़ पंचायत के पंचायत सेवक राजेश प्रसाद, पंचायत समिति सदस्या रीना देवी, मुखिया प्रति. निधि प्रदीप चद्रवंशी, पंचायत सासंद प्रतिनिधि रंजीत सिंह, पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष बिष्णुधारी कुशवाहा, भाजपा मंडल महामंत्री कृष्णा साव, भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री उपेन्द्र प्रजापति, शम्भु प्रसाद कुशवाहा, सुनील शेखर, सभी आंगनबाडी सेविका, सभी वार्ड सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

## वृंदा व करमा में अवैध शराब भठ्टीओ को पुलिस ने किया नष्ट, तस्कर फरार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**



शराब भठ्ठीयों को ध्वस्त करती पूलीस

उत्पाद विभाग व चौपारण पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित छः शराब भठ्टी को किया नष्ट। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक राजीव नयन और थाना प्रभारी स्वपन्न कुमार महतो के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाया गया। उक्त बातो की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि डेबो पंचायत के रैम्बो करमा व वृन्दा में संचालित अवैध शराब भट्टियों को नष्ट करते हुए करीब 3000 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया। इसके साथ ही वहां से करीब 200 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब को भी जब्त किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी तस्कर मौके के फायदा उठाकर भागने में सफल रहा हालांकि मामले का जाँच पड़ताल जारी है दोषियो को चिन्हित कर कार्यवाई किया जाएगा। छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक राजीव नयन, चौपारण थाना प्रभारी स्वपन्न कुमार महतो के अलावे उत्पाद विभाग के सिपाही एवं चौपारण सशत्र बल के जवान शामिल थे।

## वैक्सिनेशन के प्रति किशोरियों में उत्साह, डेबो व केबीएसएस के बच्चो ने लिया पहला डोज

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**




वैश्विक महामारी कोविड 19 से बचाव को लेकर सोमवार से 15-18 वर्ष की आयु वर्ग के किशोर व किशोरियों को विशेष अभियान चलाकर कोविड 19 का वैक्सीन लगाने का शुरुवात किया जा चुका है। चौपारण में दूसरे दिन केबीएसएस +2 प्लस दो उच्च विद्यालय चौपारण व उच्च विद्यालय डेबो में छात्र छात्राओं को पहला डोज लगाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ भुनेश्वर गोप ने बताया प्रखण्ड के सभी 15 वर्ष के ऊपर के किशोरों को फिलहाल कोवेक्सीन का टिका लग रहा है। कहा दूसरे दिन केबीएसएस में 160 बच्चों को व डेबो उच्च विद्यालय में लगभग 75 बच्चो को वैक्सीन का टीका दिया गया। श्री गोप ने 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर कोविड का टीका अवश्य लगवाने के आग्रह किया। । उन्होंने कहा कि कोविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के अलावा बच्चे सीधे टीका केंद्र पर भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और उन्हें तुरंत टीका भी लगाया जाएगा। इस दौरान किशोरियो में उत्साह का माहौल है और वैक्सीनशन में बढ़चढ़ के हिस्सा ले रही है। इस दौरान पूर्व प्रभारी डॉ योगेंद्र सिंह बीपीएम योगेश्वर शर्मा , प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार, डेबो मुखिया मोहन साव, शिक्षक प्रकाश कुमार, सरयू राणा, सुरेश गुप्ता, प्रेम यादव, प्रमेश्वर साव, पारा मेडिकल स्टाफ , विधालय के सभी शिक्षक और स्टाफ उपस्थित थे।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

### शिक्षक समेत प्रशिक्षुओं ने किया रक्तदान

**अपेम लाइव : हरारीबाग**
**अमरजीत कु0 सिंह**




रक्तदान का प्रमाण पत्र देते एसोसिएशन के विनीत छाबड़ा

हजारीबाग : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया । इस शिविर में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, कॉलेज के शिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने रक्तदान कर किया। कहा की रक्तदान महादान है इससे बड़ा दान नहीं हो सकता है। यह जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने में सहायक होता है। खून की कमी से होनेवाली मौत को रक्तदान की मदद से रोका जा सकता है। कहा की समाज में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतियां फैली हुई है। इसे दूर करने के लिए लगातार प्रयास करने की जरूरत है। लोगों में जागरूकता लाने पर ही देश में खून की कमी नहीं होगी। कहा कि ऐसे में जरूरत है कि जागरूकता अभियान चलाया जाए और रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की जान बचाने में रक्तदान सहायक होता है। प्रत्येक दिन अस्पताल में ऐसे बच्चे आते हैं। मौके पर वोलेंटियर ब्लड एसोसिएशन के विनीत छाबड़ा ने कहा कि ब्लड की कमी को दूर करने के लिए इस तरह के शिविर का अयोजन किया जाता है। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इसमें सहायक होकर नेक कार्य किया है। इस शिविर में उप प्राचार्य डॉ प्रमोद प्रसाद, अशोक कुमार सिन्हा, गुलशन कुमार, दिलीप कुमार सिंह, अनिल कुमार, नंद किशोर कुमार, ऋतिक कुमार, निशांत यादवेंद्र, राजु कुमार प्रजापति,उपेंद्र कुमार दांगी,महेश कुमार राणा, रविन्द्र कुमार राणा आदि ने रक्तदान किया। इससे पूर्व शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की टीम ने रक्तदान करने वाले का मेडिकल चेकअप किया। जो रक्तदान के लिए स्वस्थ्य पाए गए उन्हीं को रक्तदान करने का अवसर मिला। टीम में अख्तर, रसेदुल खैर, मुरली प्रजापति, पूनम कुजूर,निहाल राज, उदित प्रजापति शामिल थे। शिविर में प्रमोद यादव, मिथिलेश मिश्र, अंजलि कुमारी, पुष्पा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी, महेश प्रसाद, अजय कुमार यादव, एसएस मैती, दसरथ कुमार,जागेश्वर रजक आदि मौजूद थे।

## क्रिकेट की दुनिया मे बढ़ाया पहला कदम, डुमरी के उज्ज्वल का झारखण्ड अंडर 16 में चयन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**



उज्वल राज

देश मे बढ़ती क्रिकेट की लोकप्रियता हर युवाओ को क्रिकेट के प्रति आकर्षित कर रहा है। जिसका परिणाम है कि क्रिकेट गली मुहल्ला में खेलना आम बात है। कई प्रतिभावान युवाओ को मंजिल मिल रहा है तो कई युवा परिस्थितियों से हार कर क्रिकेट गली क्रिकेटर तक ही सीमित रह जाते है। ऐसे ही एक युवक तेजी से क्रिकेट की दुनिया मे अपना प्रतिभा का जलवा बिखेर कर झारखण्ड व भारतीय टीम में जाने को तैयार हो रहा है। जी हां हम बात कर रहे है बच्छई पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक के भतीजा व आई हॉस्पिटल बहेरा आश्रम में आई ऑप्टिशियन मिंटू रजक कु 15 वर्षीय पुत्र उज्वल राज का। उज्ज्वल के लिए गौरान्वित करने वाला क्षण आय जब उसका चयन झारखण्ड अंडर 16 लीग के लिए उसका चयन हुवा। उक्त बातों की जानकारी देते हुए उज्ज्वल ने बताया कि बीते दिनों राँची स्थिति ट्यूटोरियल स्कूल स्कूल में ट्रालय हुवा था जिमसें हमने हमारा प्रदर्शन बहुत अच्छा था जिसके कारण मेरा चयन हुवा। कहा चयनित टीम दिल्ली में आयोजित कैम्प में भाग लेंगे। उज्ज्वल ने बताया कि मेरी सफलता मेरी कड़ी मेहनत, माता पिता का आशीर्वाद व बड़े पापा मम्मी एवम दोस्तो के सहयोग का परिणाम है। उज्ज्वल बचपन से अपने क्रिकेट खेल के दम पर अपनी अगल पहचान बना रहे है। उज्ज्वल फिलहाल हजारीबाग साई क्रिकेट अकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

## बरही पश्चिमी से

## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!



सोच हमारी विकास आपका


**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

वादा नही विकास करेगें जन जन का सम्मान करेंगें।

## बरही पूर्वी पंचायत से

मुखिया प्रत्याशी पद हेतु शिक्षित, योग्य, कर्मठ, अनुभवी ईमानदार उम्मीदवार

## आभा सिन्हा

को अपना बहुमुल्य वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं...

सोच हमारी विकास आपका





निवेदक **श्री श्याम कुमार सिन्हा** समाज सेवी बरही पूर्वी पंचायत

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## सांढ़ गांव स्थित श्मशान घाट आने -जाने के लिए लोगों ने किया जमीन दान एवं आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल लोग व रास्ते का निर्माण करते जेसीबी मशीन

बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत अंतर्गत दुमोहना श्मशान घाट जाने के लिए रास्ता कई वर्षो से नहीं थी। जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने एक बैठक उपेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में किया।इसका संचालन हरिशंकर प्रसाद ने किया। इस दौरान रास्ता निकालने का निर्णय लिया और रास्ता निकाला गया जिसमें उपेंद्र कुमार प्रसाद, त्रिभुवन महतो, मुरली महतो, मनोहर प्रसाद, खिरोधर प्रसाद दांगी, उमेश महतो, बसंती देवी पति विजय महतो, विनय कुमार ,सिकंदर महतो, उमेश महतो, टेकलाल महतो ,लक्ष्मी नारायण मेहता, संतोष कुमार, पाकिट महतो, सीटू नाथ महतो ,कामेश्वर महतो, देवेंद्र कुमार ,योगेंद्र कुमार का महत्वपूर्ण पूर्ण योगदान रहा क्योंकि ये सभी ने जमीन दान देकर मुक्तिधाम जाने के लिए जमीन दिया। इसके अलावा रास्ता जाने के लिए कुछ जमीन खरीदा गया जिसमें आर्थिक सहयोग वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान, हरिशंकर प्रसाद, महेंद्र महतो, जितेंद्र कुमार महतो, दिलेन्द्र महतो, राम दयाल महतो, मिथिलेश कुमार उर्फ ज्वाला, विनय कुमार, लखन प्रसाद मेहता, दिनेश्वर महतो, परमेश्वर ठाकुर ,सीटू नाथ महतो, सुधीर कुमार , आदर्श युवा क्लब संगठन ने सहयोग किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी मुखिया कैलाश महतो, उपेंद्र कुमार वर्मा, राजीव रंजन ,मिथिलेश कुमार, ओमकार कुमार, जोधी महतो, रविंद्र ठाकुर, भुल. ीनाथ महतो, रतन महतो, केवल महतो, अरविंद कुमार, सीकेन्द्र महतो, प्रकाश रंजन के अलावा सैकड़ों ग्रामीण

## सिमडेगा में स्थपित पुलिस की बिरनी में मौत। हत्या का आंशका।

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



झारखण्ड पुलिस में 2008 ई से पदस्थापित तथा 2012 से सिमडेगा में कार्यरत मनोज कुमार पिता किशुन तुरी का बीते रात उनके ससुराल किसनीटांड़ में सन्देहास्पद रूप से मौत हो गई है। मनोज देवे थाना अंतर्गत परसाटांड़ पंचायत के पतालडीह के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि मनोज कुमार अपने ससुराल में थे। बीते रात मृतक मनोज कुमार की पत्नी ने अपने ससुराल पतालडीह फ़ोन के माध्यम से बताया कि मनोज का तबियत खराब है। और उसी रात करीब 2:30 बजे रात मनोज का शव लेकर पतालडीह पहुँच जाते हैं। मनोज के परिवार वाले को मामले में संदेह होने की वजह से शव स्वीकार करने से मना कर दिया जाता है। उसके बाद शव को वापस कि. सनीटांड़ मनोज के ससुराल वाले लेकर आ जाते हैं। मामले में मनोज के घर वालों को संदेह होने की वजह से बिरनी थाना में मृतक के भाई त्रिभुवन तुरी ने मामले से अवगत करवाते हुए बिरनी थाना में मनोज कुमार की ससुराल में संदेहास्पद मौत होने का आवेदन दिया गया। तथा मामले की उचित जांच कर कानूनी करवाई करने की मांग की गई। इस संदर्भ में बिरनी थाना के प्रभारी शर्मानंद सिंह ने शव के अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर करवाई के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरीडीह भेज दिया गया है।घटना कैसे हुई ये पोस्टमार्टम के बाद जानकारी आएगी।

## कोहरे ने लोगो जीना मुहाल किया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



जनवरी शुरुआत होते ही कोहरे ने जीना मुहाल कर दिया है। एक तरफ कोरोना वही दूसरी तरह ठंडी ने घर से निकलना मजबूर कर दिया है। बता दे कि बिरनी प्रखंड में मंगलवार अहले सुबह को कोहरे के कारण आँख भी कमजोर पड़ गया। वही मंगलवार सुबह आठ बजे तक कोहरे ने अपना तेवर दिखा कर चले गए। जिसमें आगमन ठब पड़ गया।

## निजी विद्यालय संघ ने सरकार से 50 फीसदी क्षमता के साथ विद्यालय खोलने का आग्रह किया

### निजी विद्यालय पुनः बंद होने पर शिक्षकों की स्थिति चरमरा जाएगी : विद्यालय संघ

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बैठक मे शामिल विद्यालय संध के सदस्य

बड़कागांव प्रखंड के निजी विद्यालय संघ की बैठक बीएम मेमोरियल स्कूल में सभी विद्यालय के संच. ालकों की उपस्थिति में की गई। बैठक में संघ के सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि सरकार के सभी गाइडलाइनो का बच्चों के स्वास्थ्य के लिए पालन करना आवश्यक है, परंतु इसके साथ साथ बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता है।बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा भी जरूरी है। हम सभी विद्यालय संघ के लोग सरकार के सभी गाइडलाइनो का पालन करते हुए विद्यालय बंद कर रहे हैं। हम सभी विद्यालय के संचालक सरकार से आग्रह करते हैं कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा का ख्याल रखते हुए जिस प्रकार से सिनेमा हॉल, रे. स्टोरेंट, बार एवं शॉपिंग मॉल 50 फीसदी क्षमता के साथ खोले जा रहे हैं ठीक उसी प्रकार हम लोग कोविड-19 की नियमों का पालन करते हुए विद्यालय को भी 50 फ़ीसदी क्षमता के साथ खोलने की अनुमति देने की मांग करते हैं, ताकि हम बच्चों का स्वास्थ का भी ध्यान रख सके और साथ-साथ बच्चों का शिक्षा भी ना रुके। पिछले 2 सालों से बच्चों का शिक्षा चरमरा गई है। इसके अलावा सभी निजी विद्यालय के शिक्षकों और विद्यालय से जुड़े सभी लोगों के समक्ष आर्थिक स्थिति पिछले दो 2 साल से खराब है और अब पुनः बंद हो जाने से उनकी आर्थिक स्थिति और भी भयावह हो जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ,बी एम मे. मोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, सरगम इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य ओंकार मिश्रा, ज्ञानोदय विकास विद्यालय से सिकंदर कुमार, संगम पब्लिक स्कूल से सुरेंद्र दांगी, द सेंट्रल पब्लिक स्कूल से विनोद सिन्हा, न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल से कृष्णा राणा सहित अन्य विद्यालय के निदेशक प्राचार्य मौके पर उपस्थित थे।

## सरकारी गवाह सुभाष के साथ हुई मारपीट, थाना में दिया आवेदन!

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



आवेदन देते सुभाश यादव

अंतर्गत सीसीएल क्षेत्र बनियाडीह में बीते वर्ष सरकारी सीमेंट चोरी मामले में बनियाडीह निवासी सुभाष यादव को पुलिस के द्वारा गवाह बनाने पर 2 जनवरी 2022 की रात्रि में सचिन यादव ने मारपीट किया। इस बाबत सुभाष यादव ने बताया कि सचिन यादव के खिलाफ सरकारी गवाह बनने पर बीते दिन रात्रि में सचिन यादव व उसके सहयोगी के द्वारा मुझपर जानलेवा हमला किया गया और घायल अवस्था में सदर अस्पताल में इलाज हुआ। सुभाष यादव ने बताया कि मुफस्सिल थाना में इसकी लिखित शिकायत दी गई है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## 3 करोड़ कोविड 19 का डोज पूरा होना हेमंत सोरेन के करिश्माई नेतृत्व का पहचान : नायक

**अपेम लाइवः रॉची**

राज्य में 3 करोड़ कोविड डोज पूरा होना राज्य एवम् देश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के करिश्माई नेतृत्व क्षमता का पहचान है ।इस महानतम सफलता के लिए देश के लोकप्रिय क्षमतावान,ऊर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंडी सूचना अधिकार मंच तहे दिल से बधाई देता है । उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह हटिया विधानसभा चुनाव क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज11 माह 17 दिन में राज्य में 3 करोड़ कोविड डोज का टीकाकरण झारखंडी समाज को दे देने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कहीं ।इन्होंने यह भी आगे कहा की झारखंड में कोरोना के तेजी से बढ़ते आंकड़ों के बीच एक राहत वाली खबर यह रहा की राज्य में अब कम व्यक्ति ही कोरोना के टीका से वंचित रह गए है । श्री नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री से मांग किया की जल्दी बाकी बचे आबादी को युद्ध स्तर पर टीकाकरण कराया जय और झारखंड राज्य को सम्पूर्ण टीकाकरण वाला राज्य बनने का इतिहासिक मौका दे । इन्होंने यह भी



श्री नायक

कहा की राज्य की जनता के लिए यह सुखदायक खबर है की आज झारखंड ने 3 करोड़ डोज का आंकड़ा पार कर अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में लगातार बड़ रहा हैं। श्री नायक ने आगे बताया कि राज्य में 3 करोड़ 52 हजार 1 सौ 83 डोज(प्रथम और द्वितीय) मिलाकर हो गए हैं,इसमें प्रथम 1 करोड़ 86 लाख 81 हजार 4 सौ 12 एवं दूसरा डोज 1 करोड़ 13 लाख 70 हजार 7 सौ 71 हैं। इन्होंने राज्य की समस्त जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि सभी लोग कोविड टीकाकरण अभियान को एक उत्सव के रूप में लेकर युद्ध स्तर पर अपनी भागीदारी निभाएं , जिन्होंने अभी तक एक भी डोज नही लिया है वे अविलंब राज्य सरकार द्वारा निर्धारित टीका केंद्र में जाकर टीका ले और जिन्होंने पहला डोज ले लिया है वे भी ससमय दूसरा डोज ले ले ताकि करोना रूपी महामारी से वे खुद और राज्य की जनता को बचा सके। श्री नायक ने यह भी कहा की स्मरण हो कि राज्य में 5 अगस्त 2021 को 1 करोड़ डोज, 24 अक्टूबर 2021 को 2 करोड़ डोज, 20 दिसंबर 2021 को 1 करोड़ लोगों को दोनों डोज और 3 जनवरी 2022 को 3 करोड़ डोज का टीकाकरण पूरा किया गया है जो राज्य की जनता के लिए गर्व का विषय है की सीमित संसाधन के बा. वजूद भी हेमंत सोरेन के सफल नेतृत्व में 11 माह और 17 दिन में इस आंकड़े को प्राप्त किया है जबकि शुरुआत के दिनों में केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखंड को कम मात्रा में दवा उपलब्ध कराई जा रही थीं उसके बावजूद भी लक्ष्य हासिल करना यह एक सफल नेतृत्व का पहचान है ।

## न पानी न शौचालय न बाउंडरी वाल, पूरी तरह व्यवस्था विहीन है गावां के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल गावां पूरी तरह व्यवस्था विहीन है। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चियों का कहना है कि हमारे विद्यालय के बाउंडरी वाल लगभग डेढ़ वर्षो से टूटा हुआ है और शौचालय की उचित सुविधा उपलब्ध नही है जिसके कारण हमलोग काफी असहज और असुरक्षित महसूस करते है। साथ ही विद्यालय परिषर में मात्र एक ही चापाकल है और उसमें भी आयरनयुक्त पानी आता है जिसके कारण हमलोगों को शुद्ध पानी भी नही मिल पाता है। विद्यालय के प्राचार्य का कहना है कि उक्त सभी समस्याओं को लेकर हमलोगों ने विभाग को कई बार आवेदन दे चुके है लेकिन अभी तक कोई पहल नही किया गया है। मौके पर उपस्थित आप नेता सागर ने गर्ल्स स्कूल की उक्त समस्याओं को देखकर काफी दुखी नजर आए। उन्होंने कहा कि यहां के स्थानीय विधायक, सांसद और जनप्रति. निधियों के ध्यान कभी इस ओर जाता ही नही है। विधायक और सांसद गावां की समस्याओं से कोई लेना देना ही नही है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग करते हुए कहा है कि जितना जल्द हो सके गर्ल्स हाई स्कूल के व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाए ताकि यहां अध्यनरत बच्चियां सुरक्षित महसूस कर सके और निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण कर सके।

## बैंक कर्मीयों के पॉजिटिव होने से बैंक ऑफ इंडिया में लटका ताला

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**

चौपारण : सोमवार बैंक कर्मियों सहित 172 लोगों का कोरोना जांच चौपारण के सामुदायिक अस्पताल चौपारण में किया गया था जिसमें बैंक ऑफ इंडिया चौपारण के पांच बैंक कर्मी कोरोना संक्रमित पाए गए। जिसके बैंक ऑफ इंडिया को सील कर दिया गया। जिसके कारण बैंक ऑफ इंडिया चौपारण में मंगलवार को ताला लटका रहा। जिससे यहां के खातेदार सुबह बैंक खुलने की आस में आकर कुछ देर बैठे रहने के बाद मायूस होकर वापस लौट गए। बैंक में ताला लटकने के वजह से पैसे जमा और निकासी करने वालो ग्राहकों को भी काफी




परेशानीयों का सामना पड़ा। ग्राहक परेशान भी दिखे। वहीं बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम पर भी ताला लटका रहा। इस सम्बंध में बैंक अधिकारी के तरफ से बताया कि बुधवार से बैंक में सेनेटाइजेशन का कार्य शुरू होगा और नियमतः तीन दिनों तक सेनेटाइजेशन करने के लिए बैंक बन्द रखने का प्रावधान है। सम्भवतः गुरुवार या शुक्रवार से बैंक सेनेटाइजेशन के बाद खुल सकता है।

## बजरंगबली मन्दिर निर्माण समिति ने गावां में चलाया स्वक्षता अभियान

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**मुजाहिद अली**

मंगलवार को गांवा हाट बाजार में गांवा बजरंगबाली मंदिर निर्माण समिति के सदस्यो व रामभक्तो के द्वारा स्वक्षता अभियान चलाया गया जिसमे सभी रामभक्त व मजदूरों के सहयोग से चारो तरफ साफ सफाई किया गया। उक्त संबंध में रामभक्त अमित बर्नवाल ने बताया कि बुधवार को गांवा में हाट का आयोजन होता है जिसमे विभिन्न प्रखंडों के लोग व्यापार करने आते हैं। बहुत से लोगों ने हमलोगो को साफ सफाई करने का आग्रह किया जिसके बाद हमलोगो ने विचार विमर्श कर साफ सफाई करने का निर्णय लिया और कमेटी के निजी खर्च से साफ सफाई कर रहे हैं ताकि आगंतुक व्यापारियों व किसानों को दिक्कत न हो और गांवा हाट बाजार साफ सुथरा रहे शुद्ध वातावरण बना रहे। मौके पर जितेंद्र सिंह ,सोनू कुमार, मंटू स्वर्णकार, छोटू सिसोदिया,सागर चौधरी व दर्जनों रामभक्त उपस्थित थे।




स्वच्छता अभियान मे शामिल महिलाएँ

## विष्णुगढ़ बीडीओ के बाद सीओ भी हुए कोरोना संक्रमित

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर ने फिर दस्तक दी है। सोमवार को बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि के बाद मंगलवार को सीओ रामबालक कुमार भी जांच में पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा विष्णुगढ़ के पूर्वी इलाके से एक और व्यक्ति के भी पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। इसके साथ हीं विष्णुगढ़ में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। विष्णुगढ़ के प्रभारी चिकित्सा पदा. धिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विष्णुगढ़ में एंटीजेन, वीटीएम तथा ट्रूनेट तीनों तरह से जांच की जा रही है। मंगलवार को करीब 150 लोगों की जांच की गई। जिसमें दो लोग पॉजिटिव पाए गए। कहा कि संक्रमितों में सर्दी, खांसी, बुखार तथा गले में खराश की शिकायत है। कोविड 19 के लक्षण पाए जाने के बाद उनकी जांच की गई। रिपोर्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें होम कोरंटाइन में रहने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग विष्णुगढ़ बीडीओ, सीओ या अन्य संक्रमितों के संपर्क में आए हैं वे अपनी कोविड 19 जांच आवश्यक रूप से करा लें। इधर, विष्णुगढ़ प्रखंड में फिर से कोरोना की आहट से लोग सहमे हैं।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## वैक्सीनेशन सर्वेक्षण, मनरेगा एवं अन्य कई मुद्दों को लेकर बीडीओ ने किया बैठक।

**अपेम लाइवः गॉवॉ**
**मुजाहिद अली**



बैठक मे शामिल लोग

गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रभारी बीडीओ संतोष प्रजापति ने सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक किया। बैठक में अब तक प्रखंड में किये गए वैक्सीनेशन का सर्वेक्षण किया गया। बीएलओ के माध्यम से सूची ली गयी कि अब तक कितने लोगों ने वैक्सीन नही लिया है। आज के सर्वेक्षण रिपोर्ट से लगभग 70 प्रतिशत आंकड़ा उपलब्ध हो गया है। साथ ही प्रखंड में चल रहे मन. रेगा योजनाओं की जानकारी भी ली गयी। बैठक में सोशल ऑडिट और आधार सीडिंग पर भी चर्चा किया गया। 15 से 18 वर्ष के अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन दिए जाने का निर्देश दिया गया और जो लोग अभी तक वैक्सीन नही लिए है उन्हें भी वैक्सीन दे कर सत प्रतिशत वैक्सीनेशन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ, सहिया, सेविका, पंचायत सेवक समेत दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

## लूटकांड मामले में पेशेवर लुटेरों की पहचान में जुटी पुलिस

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

वष्णुगढ़ के बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केन्द्र में सोमवार की शाम हुए लूटकांड में विष्णुगढ़ पुलिस लुटेरों की पहचान में जुट गई है। घटना के बाद पुलिस ने विष्णुगढ़ के बाहर निकलने वाले सभी रास्तों की नाकेबंदी कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसके बावजूद पुलिस को कोई विशेष सफलता नहीं मिली। बता दें कि ग्राहक बनकर ग्राहक सेवा केन्द्र पहुंचे अज्ञात नक. ाबपोश लुटेरों ने हथियार के बल रूपए लूट कर फरार हो गए थे। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि लूट की घटना की सूचना मिलते हीं गश्ती दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। इसके अलावा सभी मार्गो पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की गई। बताया कि लूट की घटना के बाद लुटेरे तुरंत सीमा क्षेत्र से बाहर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक रवि कुमार ने लूट के बाबत थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने 70-80 हजार रूपए लूटे जाने की बात कही है। दो लाख रूपए लूट की बात अफवाह है। सोमवार को ग्राहक सेवा केन्द्र का सर्वर ठप होने के कारण अधिक लेनदेन नहीं हुआ था। ग्राहक सेवा केन्द्र में सीसीटीवी नहीं लगा होने के कारण भी अपराधियों की पहचान में परेशानी हुई है। फिलहाल इस तरह की घटना में शामिल पुराने पेश. `वर अपराधियों की पहचान की जा रही है। इसके लिए विभिन्न तकनीकी पहलुओं का भी सहारा लिया जा रहा है। कहा कि लूटकांड में शामिल अपराधी शीघ्र पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ का विस्तार

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्षा सह विष्णुगढ़ महंत घराने की पुत्रवधु सुनयना दुबे ने हजारीबाग जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। बताया कि कमेटी में हजारीबाग के कस्तूरीखाप निवासी सुनीता झा पति उदयशंकर झा को जिला सचिव पद पर मनोनयन किया गया है। वहीं, सुलताना निवासी दिव्या दुबे पिता धीरेन्द्र दूबे को जिला महामंत्री की जवाबदेही दी गई है। दोनों के मनोनीत होने पर श्रीमती दुबे ने हर्ष व्यक्त करते कहा कि इनके मनोनयन से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक कार्यो में महिलाओं की संलग्नता में बढ़ोतरी होगी।

